

## एनसीबी ने बच्चों के साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया

नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने क्रूज शिप पर ड्रग्स लेने के आरोप में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को आर्यन के साथ अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धामेचा को कोर्ट ने 7 अक्टूबर तक के लिए एनसीबी की कस्टडी में भेज दिया है। अब इस मामले में आर्यन के दोस्त बताए जा रहे अरबाज मर्चेंट के पिता असलम मर्चेंट का बयान सामने आया है। असलम मर्चेंट ने अपने बेटे व अन्य पर लगे सारे आरोपों को बेबुनियाद बताया है। पेशे से वकील असलम ने यह भी कहा कि अभी मामले की जांच चल रही है इसलिए ज्यादा कुछ कहना ठीक नहीं होगी लेकिन एनसीबी के अधिकारियों का रवैया काफी सहयोगात्मक रहा है और बच्चों के साथ उनका व्यवहार बेहद अच्छा रहा है। सभी आरोपियों को मासूम बताते हुए कहा, एनसीबी का व्यवहार काफी अच्छा रहा है। एक प्रफेशनल वकील होने के नाते मेरा कानून पर पूरा भरोसा है। सच्चाई सामने आएगी और वे सभी आरोपों से मुक्त होकर बाहर आएंगे।श मर्चेंट ने कहा कि आर्यन और अरबाज क्रूज पर गेस्ट के तौर पर गए थे। उनका पहले जाने का कोई प्लान नहीं था और अरबाज ने अपने पिता से क्रूज पर जाने की इजाजत भी मांगी थी। उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले आर्यन और अरबाज साथ किसी ट्रिप पर नहीं गए थे।

## अच्छा बच्चा, बॉलिवुड की कई हस्तियों का छलक उठा दर्द

शाहरुख खान अपने बेटे आर्यन को लेकर इस वक्त जिस मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं ऐसे में लगभग पूरा बॉलिवुड ही उनके साथ खड़ा नजर आ रहा है। आर्यन को उनके कुछ दोस्तों के साथ शनिवार देर रात मुंबई से गोवा जानेवाली एक क्रूज पर रेव पार्टी के आरोप में एनसीबी ने पकड़ा और अब वह 7 अक्टूबर तक छब्द की कस्टडी में हैं। ऐसे में सलमान खान से लेकर अर्पिता, अलवीरा, महीप कपूर जैसी कई हस्तियां शाहरुख खान के घर पहुंचीं और इंडस्ट्री के कई लोग खुलकर बादशाह के सपॉर्ट में उतरे हैं। इनमें से एक नाम रितिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान का भी है। हंसल मेहता ने भी शाहरुख का सपॉर्ट में ट्वीट किया है। सुजैन ने आर्यन खान की तारीफ करते हुए उन्हें अच्छा बच्चा भी बताया है। सुजैन ने एक जर्नलिस्ट के कॉलम पर यह जवाब लिखा है, जिसमें इस घटना को पैरेंट्स के लिए वेकअप कॉल बताया गया है। अपने इस ट्वीट में उन्होंने शाहरुख और गौरी को सपॉर्ट करते हुए लिखा है, मेरे ख्याल से ये आर्यन खान के बारे में नहीं है, क्योंकि वह दुर्भाग्यवश गलत समय पर गलत जगह था।

## करीना कपूर के बच्चों के बाद चर्चा में सपना चौधरी के बेटे का नाम



पिछले काफी वक्त से अपनी प्रफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा बटोर रहीं सपना चौधरी अब अपने बेटे के कारण चर्चा में हैं। आज यानी 5 अक्टूबर को सपना चौधरी के बेटे का पहला बर्थडे है। इस खास दिन के मौके पर सपना ने बताया है कि उन्होंने बेटे का नाम क्या रखा है। सपना चौधरी ने बीते साल जनवरी में वीर साहू के साथ कोर्ट मैरिज की थी और उसके कुछ महीनों बाद सपना ने बेटे को जन्म दिया। सपना ने अब तक बेटे के नाम को छिपाकर रखा था, लेकिन उसके पहले बर्थडे के मौके पर रिवील कर दिया। सपना चौधरी ने बताया कि उन्होंने बेटे का नाम पोरस रखा है।

नाम की अनाउंसमेंट के लिए सपना चौधरी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटे का एक बहुत ही प्यारा वीडियो शेयर किया, जिसमें खूबसूरत शब्दों के साथ वॉइसओवर किया गया है। वीडियो में सपना का बेटा खेतों में गाय–भैसों के बीच और मिट्टी में खेलता नजर आ रहा है। सपना चौधरी भी लाडले को गोद में लिए प्यार करती दिख रही हैं। बेटे पोरस को फैन्स से मिलवाने के लिए वॉइसओवर में बड़े ही खूबसूरत शब्द इस्तेमाल किए गए हैं।

# क्रूज मालिक से होगी अब लंबी पूछताछ, भारी मात्रा में बरामद हुए थे ड्रग्स

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने कॉर्डेलिया क्रूज के सीईओ को फिर से समन भेजा है। यह समन उन्हें हाल ही में उस क्रूज पर दूसरी बार हुई छापेमारी में भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद होने के बाद भेजा गया है। बता दें कि इसी एनसीबी के इसी ड्रग्स केस की जांच में अब तक शाहरुख खान के बेटे आर्यन भी फंसे हुए हैं। आर्यन खान ड्रग्स मामले में 7 अक्टूबर तक एनसीबी की कस्टडी में हैं।*



एनसीबी की टीम ने अपने क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े के नेतृत्व में एक बार फिर से कॉर्डेलिया क्रूज पर सोमवार सुबह दूसरी बार छापेमारी की, जिसमें एनसीबी को अच्छी–खासी मात्रा में ड्रग्स मिले और अब छब्द अधिकारी क्रूज के मालिक से इसे लेकर काफी विस्तार से पूछताछ करने वाले हैं।

बताया जाता है कि सोमवार की सुबह यह क्रूज मुंबई वापस पहुंची, जिसके बाद एनसीबी ने फिर से उसकी तलाशी ली। यह जानकारी एनसीबी के एक अधिकारी ने दी। दो दिन पहले एजेंसी ने जहाज पर ड्रग्स पार्टी का भंडाफोड़ करने का दावा किया था। यहां से टीम ने कुछ और लोगों को भी अरेस्ट किया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्रूज के अधिकारियों ने जहाज पर होनेवाली रेव पार्टी में अपनी संलिप्पता से साफ इनकार कर चुकी है और कहा है कि क्रूज पर इस तरह की पार्टियां इवेंट मैनेजमेंट कंपनी आयोजित करती है। क्रूज कम्पनी ने रविवार को एक बयान में कहा था कि उसका इस घटना से कोई लेना–देना नहीं है। श्वाटरवेज लीजर टूरिज्म प्राइवेट लिमिटेडश के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अध्यक्ष जुर्गन बेलोम ने एक बयान में कहा था, कॉर्डेलिया क्रूज का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस घटना से कोई सम्बंध नहीं है। कॉर्डेलिया क्रूज ने अपने जहाज को एक निजी कार्यक्रम के लिए दिल्ली स्थित एक इवेंट मैनेजमेंट कम्पनी को किराए पर दिया था।

रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि नारकोटिक्स एजेंसी ने आगे की जांच के लिए उनसे उस दिन के सीसीटीवी फुटेज की भी मांग की है।



वे शिप के 2 अक्टूबर के इश्तिहार की भी जांच कर रहे हैं, जब वहां गुप्त रूप से छापा पड़ा था। इश्तिहार में हर व्यक्ति का सारा डीटेल मौजूद है, जिन्होंने शिप पर बोर्ड किया, उनका रूम नंबर, उनकी आईडी, कॉन्टैक्ट डीटेल और अन्य जानकारियां।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने इस छापेमारी में अब तक कुल 11 लोगों को पकड़ा है, जिसमें 2 नए नाम शामिल होने की बात बताई गई है। अधिकारी ने बताया कि एनसीबी को सोमवार को जानकारी मिली कि जहाज दो दिन बाद शहर लौट आया है। इसके बाद उसके अधिकारी टर्मिनल पहुंचे और उसकी तलाशी शुरू की। इस दौरान एनसीबी के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े भी वहां मौजूद रहे।

रविवार को हुई छापेमारी के दौरान जहाज पर 1800 लोग थे, लेकिन जांच के बाद आठ लोगों को छोड़कर सभी को जाने के लिए कहा गया। इन आठ लोगों में आर्यन खान भी थे।

अधिकारियों ने पहले बताया था कि एजेंसी की जहाज पर होने वाली पार्टी को लेकर 15– 20 दिनों से नजर थी। उसे सूचना मिली थी कि जहाज पर नशीले पदार्थों की पार्टी का आयोजन होगा, जिसकी पुष्टि होने के बाद एनसीबी ने शनिवार को छापेमारी की।

# आर्यन के लिए आधी रात को मुंबई लौटे करण जौहर और मनीष मल्होत्रा

*ड्रग्स केस में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के अरेस्ट होने के बाद से पूरे बॉलिवुड में अफरा–तफरी मच गई है। एनसीबी ने 2अक्टूबर को मुंबई में एक क्रूज पार्टी में रेड मारने के बाद रविवार को आर्यन को गिरफ्तार कर लिया था। अब आर्यन को 7 अक्टूबर तक के लिए एनसीबी की कस्टडी में भेज दिया गया है। आर्यन खान की कस्टडी बढ़ने के बाद शाहरुख खान के दोस्त करण जौहर और मनीष मल्होत्रा भी मुंबई वापस लौट आए हैं।*



**आर्यन को बेटे जैसा मानते हैं करण जौहर**

बता दें कि करण जौहर सिर्फ शाहरुख खान के बेस्ट फ्रेंड ही नहीं बल्कि उनके तीनों बच्चों–आर्यन खान, सुहाना और अबराम के भी बेहद करीब हैं। उन्होंने हर कदम पर आर्यन का साथ दिया है। एक इंटरव्यू में करण जौहर ने आर्यन के लिए कहा था कि आर्यन उनके लिए भगवान का बच्चा है और जब भी वह फिल्मों में आने का फैसला करेगा तो वह या तो उसे डायरेक्ट करेंगे या फिर उसके करियर में गाइडिंग सपॉर्ट बनेंगे।

**इंडस्ट्री में आर्यन लॉन्च होना मेरे बेटे का लहन्च होना**

करण जौहर ने यह भी कहा था कि इंडस्ट्री में आर्यन खान का लॉन्च होना ऐसा होगा जैसे उनके खुद के बेटे का लॉन्च हो रहा हो। इससे जाहिर होता है कि करण जौहर, आर्यन खान के कितने करीब रहे हैं। वह आर्यन खान को अपना बेटा मानते हैं। करण जौहर ने बताया था कि जब आर्यन 6 महीने के थे तब उन्होंने पहली बार उन्हें गोद में उठाया था और उन्हें लेकर बाहर घूमते थे।

**मनीष मल्होत्रा भी शाहरुख के बेहद करीब**

वहीं मनीष मल्होत्रा भी शाहरुख खान के काफी करीब रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में शाहरुख खान के कपड़े और लुक्स स्टाइल किए हैं। करण जौहर और मनीष मल्होत्रा के अलावा बॉलिवुड से कई सेलेब्स इस मुश्किल वक्त में शाहरुख खान का सहारा बनने पहुंचे।